# शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध व्यावसायिक परिसर



नीलबड़ में 20 दुकानों पर चली जेसीबी, मुंडला की अवैध कॉलोनी पर भी प्रशासन की कार्रवाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के नीलबड़ और मुंडला क्षेत्र में शुक्रवार को जिला प्रशासन ने शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। हुजूर अनुविभागीय अधिकारी विनोद सोनकिया की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई।

श्री सोनकिया ने बताया कि ग्राम नीलबड़ में कृष्णकांत शुक्ला द्वारा मरघट की शासकीय भूमि पर 0.081 हेक्टेयर क्षेत्र में अवैध रूप से व्यावसायिक परिसर का निर्माण कर लिया गया था। इस परिसर में कुल 20 दुकानें निर्मित थीं। प्रशासन ने नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से पूरे निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा।

इसके बाद प्रशासन ने ग्राम मुंडला में भी अवैध रूप से विकसित की जा रही एक कॉलोनी के विरुद्ध कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार कॉलोनी में सड़क, चारदीवारी तथा प्रवेश द्वार सहित अन्य निर्माण किए गए थे। प्रशासनिक दल ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की।

# बैरसिया में कंक्रीट मिश्रण मशीन पलटने से युवक की मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के बैरसिया क्षेत्र में निर्माण कार्य पर जाते समय कंक्रीट मिश्रण मशीन पलटने से 19 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। युवक शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे काम पर जाने के लिए घर से निकला था। रास्ते में वह कंक्रीट मिश्रण मशीन पर बैठा हुआ था। इसी दौरान मशीन का एक टायर निकल गया, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए पहले बैरसिया चिकित्सालय और बाद में हमीदिया चिकित्सालय भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बैरसिया पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राहुल कुशवाह (19) पिता स्वर्गीय बाबूलाल कुशवाह निवासी बसई गांव के रूप में हुई है। वह छत की ढलाई का कार्य करता था। घटना उसके घर से लगभग पांच किलोमीटर दूर किलाल गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई। राहुल परिवार का सबसे छोटा सदस्य था। उसके परिवार में एक बड़ा भाई और पांच बड़ी बहनें हैं। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में शोक का माहौल छा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शव का परीक्षण कराने के बाद शुक्रवार दोपहर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मशीन का टायर तकनीकी खराबी के कारण निकला या लापरवाही के चलते हादसा हुआ।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को समत्व भवन में मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल अध्यक्ष ओम जैन तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने सौजन्य भेंट की।

## एक गुरु-एक वृक्ष अभियान में 40 हजार पौधे लगाए गए

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में आयोजित 'एक गुरु-एक वृक्ष' अभियान के तहत 40 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के सम्मान में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। विद्यालय परिसरों तथा आसपास आयोजित पौधरोपण कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। अभियान के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा के सम्मान के साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश भी व्यापक रूप से दिया गया। स्कूल शिक्षा विभाग तथा लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन और गुरु-शिष्य परंपरा को सुदृढ़ बनाना है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, गुरु के प्रति सम्मान तथा संस्कारयुक्त और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## सहकर्मी पर महिला शिक्षक से दुष्कर्म का आरोप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के बिलखिरिया थाना क्षेत्र में शासकीय विद्यालय की 47 वर्षीय महिला शिक्षक ने अपने सहकर्मी पर दुष्कर्म और लगातार यौन शोषण का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी दिसंबर 2025 में महिला शिक्षक को मंदिर ले जाने का कहकर अपने घर ले गया, जहां उसने कथित रूप से दुष्कर्म किया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर लगभग छह महीने तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश चौहान के अनुसार पीड़िता शासकीय विद्यालय में शिक्षक है, जबकि आरोपी उसी विद्यालय में लेखाकार के पद पर कार्यरत है। आरोपी विवाहित है और उसकी 22 वर्षीय पुत्री भी है।

**मंदिर ले जाने के बहाने घर बुलाया, छह माह तक धमकाकर किया शोषण, आरोपी गिरफ्तार**

महिला शिक्षक ने हाल ही में पूरी घटना की जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद उन्होंने बिलखिरिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो की वर्ष 2024 की रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश में औसतन प्रत्येक तीन घंटे में दुष्कर्म का एक प्रकरण दर्ज होता है। वर्ष 2024 के दौरान प्रदेश में एक हजार से अधिक दुष्कर्म के प्रकरण दर्ज किए गए थे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी व्यवस्थाएं हों चाक-चौबंद : शर्मा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को लाल परेड ग्राउण्ड पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं चाक- चौबंद एवं त्रुटिरहित हों। स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और महिमा के साथ मनाया जाना चाहिए।

संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने शुक्रवार को लाल परेड ग्राउण्ड पर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, सेनानी 7वीं वाहिनी हितेश चौधरी तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, विभिन्न दीर्घाओं में बैठक व्यवस्था, ग्राउण्ड व्यवस्था, टेंट एवं प्रकाश व्यवस्था, सौन्दर्यीकरण, स्कूली बच्चों को लाने- लेजाने, बिठाने एवं उनके लिये स्वल्पाहार की व्यवस्था, मीडिया प्रवेश, उनकी वाहन पार्किंग एवं बैठक व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली और दिशा - निर्देश प्रदान किए।

संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि बारिश के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं की जाए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय से स्वतंत्रता दिवस की गरिमा और महत्व को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं उत्कृष्ट करें।

## भरतनाट्यम का वार्षिक समारोह आज रवींद्र भवन में

**नप्र, भोपाल :** नृत्यांजलि भरतनाट्यम नृत्य अकादमी का चौथा वार्षिक समारोह शुक्रवार शाम 6:30 बजे रवींद्र भवन स्थित अंजलि ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चित्रकार एवं मूर्तिकार देवीलाल पाटीदार रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन अनुप कुमार धमने करेंगे। अकादमी की संचालिका श्रीमती रुपल चौरे गीते ने बताया कि अकादमी पिछले चार वर्षों से इस वार्षिक समारोह का आयोजन कर रही है। समारोह में अकादमी की 42 शिष्याएं कुल 11 भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुतियां देंगी। उन्होंने कला प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित 23वें राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत के दम पर विश्व मंच पर देश का गौरव बढ़ाएंगे तथा तिरंगा शान से लहराएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की शुभकामनाएं खिलाड़ियों के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि 23 जुलाई से शुरू हुए खेलों में भारत के 126 खिलाड़ी 13 खेलों की 113 स्पर्धाओं में चुनौती पेश कर रहे हैं। खेलों का आयोजन 2 अगस्त तक होगा।

## गौवंश के अवशेष मिलने पर हिंदू संगठनों में आक्रोश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के निशातपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक बार फिर गौवंश का कटा हुआ सिर मिलने से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। भोपाल मेमोरियल चिकित्सालय के पास 80 फीट मार्ग स्थित एक चिकन दुकान के समीप मवेशी का कटा सिर मिलने की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंडी करोंद चौकी का घेराव किया और करीब दो घंटे तक नारेबाजी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध गौवध अधिनियम सहित संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। निशातपुरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने मवेशी के अवशेष जब्त कर उन्हें जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। साथ ही आसपास लगे निगरानी कैमरों के दृश्य देखे जा रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि अवशेष वहां कौन छोड़कर गया। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है तथा आरोपियों की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## 12 मंदिरों में चोरी का खुलासा, 50 हजार के इनामी गैंग सरगना सहित छह गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल (ग्रामीण) पुलिस ने जिले में मंदिरों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों का बड़ा खुलासा करते हुए 50 हजार रुपये के कुल इनामी बदमाश दीनदयाल उर्फ दीना महाराज सहित छह शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 16 चांदी के मुकुट, चांदी का छत्र, थाली, ओम चिन्ह, चांदी जड़ित नारियल और पीतल का घंटा सहित करीब चार लाख रुपये का चोरी का मशरूका बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय ने मंदिर चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए एसआईटी गठित की थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सोनकर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मंजू चौहान के पर्यवेक्षण में टीम ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से गिरोह तक पहुंच बनाई। सूचना मिलने पर सूखी सेवनिया बायपास क्षेत्र में घेराबंदी कर गिरोह के सरगना दीनदयाल उर्फ दीना महाराज, दिनेश कुशवाहा, अकरम अली, पप्पू आदिवासी, आशाराम और चोरी का सामान खरीदने वाले आनंद उर्फ इन्द्र नारायण राजपूत को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने ईटखेड़ी, सूखी सेवनिया और बैरसिया थाना क्षेत्रों में वर्ष 2021 से 2026 के बीच दर्ज 12 मंदिर चोरी और चोरी के प्रयास की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने मंदिरों से चांदी के मुकुट, छत्र, थाली, दानपेटी की नकदी, पीतल के घंटे और अन्य धार्मिक सामग्री चोरी करना कबूल किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह पहले मंदिरों की रेकी करता था। वारदात से पांच-छह घंटे पहले मोबाइल फोन बंद कर देता था और रात में ताला या ग्रिल तोड़कर मंदिर में घुसकर चोरी करता था। घटना के बाद आरोपी ठिकाना बदल लेते थे और कुछ समय बाद दोबारा नई वारदात को अंजाम देते थे। गिरफ्तार मुख्य आरोपी दीनदयाल उर्फ दीना महाराज पर हत्या, लूट, डकैती, चोरी सहित कई गंभीर अपराध दर्ज हैं तथा उसके खिलाफ कई स्थायी वारंट भी लंबित हैं। पुलिस आरोपियों से अन्य मंदिर चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की भूमिका अहम् : सतीश उपाध्याय



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने शुक्रवार को दतिया स्थित पार्टी के चुनाव कार्यालय में युवाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि दतिया का विकास, सुशासन और जनकल्याण केवल संकल्प नहीं, बल्कि उसे धरातल पर उतारने का लक्ष्य है। उन्होंने युवाओं से लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने और पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। सतीश उपाध्याय ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और जनसेवा का अभियान है। उन्होंने युवाओं से पूरी जागरूकता और समर्पण के साथ चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने तथा प्रत्येक मतदाता तक पहुंचकर मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

## युवाओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में तिरंगा मार्च

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत शुक्रवार को भोपाल में एनएसयूआई और युवा कांग्रेस ने तिरंगा मार्च निकाला। यह तिरंगा मार्च 10 नंबर मार्केट से शुरू होकर 11 नंबर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पहुंचा, जहां प्रतिभागियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया।

तिरंगा मार्च में बड़ी संख्या में छात्र-युवा हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की।

एआईसीसी कोऑर्डिनेटर एवं एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. अंशुल त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखेगी।



एनएसयूआई मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि पेपर लीक, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर छात्र लंबे समय से चिंतित हैं। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि छात्रों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के उपाध्यक्ष राहुल झांसला ने कहा कि छात्र निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली और पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। वहीं युवा कांग्रेस नेता अंकित दुबे ने कहा कि युवाओं का आंदोलन संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है तथा सरकार को छात्रों की मांगों पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। मार्च में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## एशियन रोइंग चैंपियनशिप-2027 की मेजबानी के लिए भोपाल ने ठोकी दावेदारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक और पहल हुई है। रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सुभाषित मुखर्जी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग से मुलाकात कर वर्ष 2027 की एशियन रोइंग चैंपियनशिप और एशियन रोइंग कप-1 की मेजबानी के लिए भोपाल की दावेदारी पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि एशियन रोइंग फेडरेशन के समक्ष भारत की ओर से भोपाल की मजबूत दावेदारी प्रस्तुत करने में सहयोग किया जाए। प्रतिनिधियों ने बताया कि भोपाल का अपर लेक अपनी प्राकृतिक विशेषताओं, अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाओं और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के अनुभव के कारण इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए उपयुक्त स्थान है।

श्री ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से देश की स्पोर्ट्स कैपिटल के रूप में पहचान बना रहा है। प्रदेश में विश्वस्तरीय खेल अधोसंरचना विकसित की जा रही है और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार भोपाल को वर्ष 2027 की एशियन रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग करेगी।

**पहल** *तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए*

# महिला सशक्तीकरण योजनाओं को गति देने प्रशासनिक ढांचे में होगा बदलाव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और महिलाओं-बच्चों के सशक्तीकरण को नई गति देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण पहल की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विभाग के अंतर्गत विकासखंड महिला सशक्तिकरण अधिकारियों के पदों के पारदर्शी और सुव्यवस्थित व्यवस्थापन के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग का कार्यक्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और नई योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए मैदानी अमले की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

एकीकृत बाल विकास सेवा और महिला सशक्तिकरण संचालनालय के एकीकरण के बाद भी योजनाओं का दायरा बढ़ा है। ऐसे में राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि मैदानी स्तर पर निगरानी और क्रियान्वयन को अधिक मजबूत बनाया जाए। निर्देशों के अनुसार विकासखंड महिला सशक्तिकरण अधिकारियों के पदों को विभिन्न संचालनालयों, जिला एवं संभागीय कार्यालयों, महिला-बाल संरक्षण संस्थाओं, प्रशिक्षण केंद्रों और क्षेत्रीय समन्वय कार्यालयों में समायोजित किया जाएगा।

आवश्यकता के अनुसार कुछ पद आयोगों और निगमों में प्रतिनियुक्ति के लिए भी आरक्षित रहेंगे। मंत्री ने विभागीय भर्ती नियमों की समीक्षा और प्रशासनिक ढांचे को अधिक व्यवस्थित बनाने के निर्देश भी दिए हैं।

## कायस्थ बंधु समिति ने मंदिर विवाह और फिजूलखर्ची रोकने का दिया संदेश

**नप्र, भोपाल :** कायस्थ बंधु समिति द्वारा दहेज मुक्त, मांसाहार मुक्त तथा मंदिर विवाह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत एम.पी. नगर स्थित गायत्री मंदिर में एक सादगीपूर्ण विवाह संपन्न हुआ। समिति का कहना है कि मंदिर में विवाह करने से कम खर्च में धार्मिक वातावरण के बीच आयोजन संपन्न होता है तथा अनावश्यक खर्च से भी बचा जा सकता है। इटारसी निवासी प्रकाश सिन्हा ने अपनी पुत्री ज्योति का विवाह नीलबड़ निवासी अर्चना जोहरी के पुत्र सौरभ के साथ बिना दहेज संपन्न कराया।

**सार्वजनिक सूचना**

**मेसर्स मुकुंद डेवलपर्स**

मुकुंद डेवलपर्स 37, ग्राम–सलैया, भोपाल, मध्य प्रदेश, 462026 प्रस्तावित ''मुकुंद मैजेस्टी'' मल्टी–यूनिट आवासीय (अपार्टमेंट) परियोजना के विकास के लिए पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी। सभी संबंधित सरकारी प्राधिकरणों/ विभागों को सूचित किया जाता है कि हमारी परियोजना मेसर्स मुकुंद डेवलपर्स द्वारा खसरा नंबर 156/1, 152 और 160/1, ग्राम सलैया, तहसील – हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.), में प्रस्तावित ''मुकुंद मैजेस्टी'' मल्टी–यूनिट आवासीय (अपार्टमेंट) परियोजना, कुल परियोजना क्षेत्र 27600.00 वर्ग मीटर (5.51 हेक्टेयर) कुल निर्मित क्षेत्र 75,042 वर्ग मीटर। श्री सियाराम पाटीदार (पार्टनर) को स्टेट एनवायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (SEIAA), मध्य प्रदेश से EC आइडेंटिफिकेशन नंबर EC25C 3801MP5181792N, फाइल नंबर P2/1125/2025 तारीख 08/07/2026 को एनवायरनमेंटल क्लियरेंस मिल गया है। क्लियरेंस लेटर की एक कॉपी स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और SEIAA, मध्य प्रदेश की वेबसाइट (www.mpseiaa. nic.in) पर उपलब्ध है।

**परियोजना प्रस्तावक-द्वारा**

भवदीय अंकिता द्विवेदी (एडवोकेट) द्विवेदी लॉ चेम्बर

कार्यालय :- 220,213, बी.डी.ए.काम्पलेक्स, 7 नं. स्टाप, शिवाजी नगर भोपाल (म.प्र.) मो.नं.9425968337

1065

**सार्वजनिक सूचना**

**मेसर्स आकार इंफ्रा**

एच. क्रमांक 39 सरकारी स्कूल के पास, ग्राम– सलैया, तहसील–कोलार, जिला– भोपाल, मध्य प्रदेश, 462001 | प्रस्तावित ''केनाल किनशिप पैरामाउंट'' समूह आवास (आवासीय फ्लैट) परियोजना के विकास के लिए पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी। सभी संबंधित सरकारी प्राधिकरणों/विभागों को सूचित किया जाता है कि हमारी परियोजना मेसर्स आकार इंफ्रा द्वारा खसरा क्रमांक 161, 165/1, 162, ग्राम–सलैया, तहसील– कोलार, जिला– भोपाल (मध्य प्रदेश) में प्रस्तावित ''केनाल किनशिप पैरामाउंट'' समूह आवास (आवासीय फ्लैट) का विकास। कुल परियोजना क्षेत्र 20,658 वर्ग मीटर (5.10 एकड़), कुल निर्मित क्षेत्र – 56,408 वर्ग मीटर। श्री चेतन पाटीदार (मालिक) की प्रॉपर्टी को स्टेट एनवायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (SEIAA), मध्य प्रदेश से EC आइडेंटिफिकेशन नंबर EC25C 3801MP 5412528N, फाइल नंबर P2/1412/2025 तारीख 11/01/2026 को एनवायरनमेंटल क्लियरेंस मिल गया है। क्लियरेंस लेटर की एक कॉपी स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और SEIAA, मध्यप्रदेश की वेबसाइट (www.mpseiaa. nic.in) पर उपलब्ध है।

**परियोजना प्रस्तावक-द्वारा**

भवदीय अंकिता द्विवेदी (एडवोकेट) द्विवेदी लॉ चेम्बर

कार्यालय :- 220,213, बी.डी.ए.काम्पलेक्स, 7 नं. स्टाप, शिवाजी नगर भोपाल (म.प्र.) मो.नं.9425968337

1066